हिन्दी प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी चंडीगढ़

(तिथि 16  जुलाई 2026, समय 13:05 (5 मिनट)

==================================================

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कल हरियाणा, चंडीगढ़ और पंजाब का दौरा करेंगे। प्रधानमंत्री, हरियाणा के जींद रेलवे स्टेशन पर जींद और सोनीपत के बीच भारत की पहली हाइड्रोजन रेलगाड़ी को झंडी दिखाकर रवाना करेंगे। श्री मोदी जींद के एकलव्य स्टेडियम में लगभग 14 हजार सात सौ करोड़ रुपये की लागत वाली कई विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास भी करेंगे। जिनमें कुरुक्षेत्र में एलिवेटेड रेलवे ट्रैक का लोकार्पण और कुरुक्षेत्र में सिख संग्रहालय का शिलान्यास भी शामिल है। प्रधानमंत्री चंडीगढ़ में स्वास्थ्य सेवा, शिक्षा और सड़क बुनियादी ढांचे से जुड़ी छह हजार छह सौ करोड़ रुपये से अधिक की विभिन्न विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास करेंगे। श्री मोदी चंडीगढ़ के बाद जालंधर में पांच हजार चार सौ सत्तर करोड़ रुपये से अधिक की कई विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास करेंगे। श्री मोदी 'अमृत भारत स्टेशन योजना' के  अंतर्गत मोहाली,  आनदपुर  साहिब,  कालका  और जालंधर छावनी सहित  75 पुनर्विकसित रेलवे स्टेशनों का उद्घाटन भी करेंगे।

---------------------------------------------------

जींद में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दौरे के मद्देनजर सुरक्षा के पुख्ता प्रबंध किए गए हैं। पुलिस के अनुसार रेलवे जंक्शन, हेलीपैड और हुड्डा ग्राउंड सहित पूरे शहर में सुरक्षा के लिए लगभग 5,000 पुलिसकर्मियों को तैनात किया गया है, जिनकी निगरानी 15 आईपीएस और 50 से अधिक डीएसपी स्तर के अधिकारी कर रहे हैं। सुरक्षा के लिए शहर में करीब 80 नाके भी स्थापित किए गए हैं। हमारे संवाददाता ने बताया है कि सुरक्षा एजेंसियों ने जींद रेलवे जंक्शन व सभा स्थल पर सघन तलाशी अभियान चलाया है। डॉग स्क्वायड और बम निरोधक दस्ते द्वारा रेलवे स्टेशन व सभा स्थल की सघन तलाशी ली गई है।

-------------------------------------------------------

हरियाणा की स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव ने कहा है कि कल 17 जुलाई का दिन प्रदेश के विकास के लिए बेहद महत्वपूर्ण है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपने दौरे के दौरान दक्षिण

हरियाणा के लोगों को भिवानी और महेंद्रगढ़ के कोरियावास मेडिकल कॉलेज की सौगात मिलेगी। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि इन दो नए मेडिकल कॉलेज के शुरू होने से स्थानीय लोगों को इलाज के लिए बड़े शहरों की ओर नहीं जाना पड़ेगा, जिससे उनके समय और पैसे की बचत होगी और युवाओं को बेहतर शिक्षा के अवसर भी मिल सकेंगे।

--------------------------------------------------------

रेल मंत्रालय ने टिकट बुकिंग को आसान और अधिक सुविधाजनक बनाने के लिए भारतीय रेलवे कैटरिंग एंड टूरिज्म कॉरपोरेशन-आई-आर-सी-टी-सी की वेबसाइट का एक नया स्वरूप जारी किया है।

आईआरसीटीसी ने इसमें चार बड़े सुधार किए हैं। इन में पहला सुधार है कि इसमें कैप्चा, पॉप-अप या ध्यान भटकाने वाली दूसरी चीज़ें नहीं हैं। दूसरा, यात्री सभी क्लास में सीट की उपलब्धता देख सकते हैं। तीसरा, इसमें टिकट बुक करने के लिए ज़रूरी स्टेप्स की संख्या कम है और वेबसाइट अब यात्रियों की जानकारी सेव कर लेगी, जिससे दोबारा बुकिंग करना आसान हो जाएगा। मौजूदा वेबसाइट के होमपेज पर भी इस नए बीटा वर्जन का लिंक उपलब्ध है।

--------------------------------------------------------------

हरियाणा के उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री राव नरबीर सिंह ने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि इलेक्ट्रिक दोपहिया, तिपहिया, कारों तथा टाटा मैजिक जैसे ई-वाहनों पर मिलने वाली सरकारी सब्सिडी सीधे लाभार्थी को देने की व्यवस्था की जाए, ताकि खरीदारों को वाहन खरीदते समय ही सब्सिडी का लाभ मिल सके। आज चंडीगढ़ में हरियाणा ई-वाहन नीति की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए श्री राव नरबीर सिंह ने गुरुग्राम और फरीदाबाद की जरूरतों को देखते हुए हरियाणा ई-वाहन नीति-2022 में दिल्ली की तर्ज पर आवश्यक संशोधन किए जाने पर बल दिया। बैठक में मौजूद उद्योग एवं वाणिज्य विभाग के आयुक्त एवं सचिव डॉ. अमित अग्रवाल ने बताया कि हरियाणा की मौजूदा ई-वाहन नीति वर्ष 2027 तक लागू है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार और दिल्ली सरकार की नीतियों का अध्ययन कर सभी आवश्यक संशोधन शीघ्र किए जाएंगे।

----------------------------------------------------

पलवल में कृषि एवं किसान कल्याण विभाग ने जिले के किसानों से खरीफ फसलों का 'मेरी फसल मेरा ब्योरा' पोर्टल पर पंजीकरण कराने की अपील की है। पंजीकरण की अंतिम तिथि 31 जुलाई निर्धारित की गई है।

=====================================